# अधिगम वार्षिक योजना

नमस्कार शिक्षकगण! नीचे दी गई तालिका सीखने की उस यात्रा को सारांशित करती है, जिसे आप इस वर्ष अपने विद्यार्थियों के साथ पूरा करेंगे।

**Bridge Course**

महत्वपूर्ण पूर्व-अपेक्षित कौशलों का दोहराव करवाने और पुन: तैयार करने में आपकी सहायता करता है।

**सत्र-1**

सत्र-1 में 16-16 दिनों की 4 इकाइयाँ हैं।

| | |
|---|---|
| इकाई-1 | प्यारी पाठशाला |
| इकाई-2 | मेरा परिवार |
| इकाई-3 | मैं और मेरा शरीर |
| इकाई-4 | हमारा घर |

**MOY**

अर्ध-वार्षिक मूल्यांकन

**सत्र-2 की इकाइयाँ MOY समाप्त होने के बाद टैब पर दिखाई देंगी।**

**सत्र-2**

सत्र-2 में 16-16 दिनों की 3 इकाइयाँ हैं।

| | |
|---|---|
| इकाई-5 | हमारे आस-पास |
| इकाई-6 | जल ही जीवन |
| इकाई-7 | मेरी सेहत के साथी |

**EOY**

वार्षिक मूल्यांकन

नीचे दिया गया रोडमैप प्रत्येक अवधि में शामिल इकाइयों को सूचीबद्ध करता है।

## सत्र-1

इकाई 1



**प्यारी पाठशाला**

इकाई 2



**मेरा परिवार**

इकाई 3



**मैं और मेरा शरीर**

इकाई 4



**हमारा घर**

| | इकाई 1 – प्यारी पाठशाला | इकाई 2 – मेरा परिवार | इकाई 3 – मैं और मेरा शरीर | इकाई 4 – हमारा घर |
|---|---|---|---|---|
| श्रवण और वाचन | अपना और अपने मित्रों के नाम बोलकर बताना। चित्र में दिखाई गई गतिविधियों पर चर्चा करना। | चित्रों के पात्रों को पहचानकर उनके बारे में बोलकर बताना। चित्रों को देखकर अपने परिवार के सदस्यों के बारे में बातचीत करना। | चित्र देखकर शरीर के अंगों के परिचित नाम बोलकर बताना। शरीर के अंगों के काम बताना। चित्र-चर्चा से संबंधित प्रश्नों (कौन, कहाँ, क्या, क्यों) के उत्तर देना। | परिचित चित्रों को पहचानकर उनके नाम बताना। चित्र-चर्चा से संबंधित प्रश्नों (कौन, कहाँ, क्या, क्यों) के उत्तर देना। |
| पठन | चित्र-चर्चा— हमारी कक्षा | चित्र-चर्चा— पहली शाला है परिवार | चित्र-चर्चा— मेरे शरीर के काम | चित्र-चर्चा— मेरा घर |
| शब्द-संसार | पाठशाला और कक्षा से जुड़ी वस्तुओं के नाम। रंगों के नाम। | पारिवारिक संबंधों के नाम। | शरीर के अंगों के नाम। | घर के प्रकारों के नाम। घर के अलग-अलग भागों के नाम। |
| उच्चारण | स्वर-गीत के द्वारा स्वरों का दोहराव। 'अ' से 'ऋ' तक सभी स्वरों का दोहराव। | स्वर-गीत के द्वारा स्वरों का दोहराव। 'ए' से 'अः' तक सभी स्वरों का दोहराव। | व्यंजन-गीत से सभी व्यंजनों का परिचय। 'क' वर्ग | 'च' वर्ग |
| लिखित अभिव्यक्ति | बिंदुओं को जोड़कर सीधी और खड़ी रेखा बनाना। 'अ' से 'ऋ' तक के स्वरों में सीधी और खड़ी रेखा की ट्रैसिंग करना। | बिंदुओं को मिलाकर खड़ी रेखा और सीधी रेखा बनाना। 'ए' से 'अः' तक स्वरों में सीधी और खड़ी रेखा की ट्रैसिंग करना। | बिंदुओं को मिलाकर सीधी, तिरछी और खड़ी रेखा बनाना। 'क' वर्ग के व्यंजनों में सीधी और खड़ी रेखा की ट्रैसिंग करना। एक जैसे वर्णों को मिलाना। | बिंदुओं को मिलाकर पूरा गोला और आधा गोला बनाना। 'च' वर्ग के व्यंजनों में आधा गोला, सीधी और खड़ी रेखा की ट्रैसिंग करना। |

# सत्र-2

| इकाई 5 | इकाई 6 | इकाई 7 |
| --- | --- | --- |
|  |  |  |
| **हमारे आस-पास** | **जल ही जीवन** | **मेरी सेहत के साथी** |
| आस-पास की जगह के चित्र देखकर उनके नाम बताना।<br>मददगारों के चित्र देखकर उनके नाम बताना।<br>चित्र-चर्चा से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देना। | जल के अलग-अलग प्रयोग बोलकर बताना।<br>चित्र-चर्चा से संबंधित प्रश्नों (कौन, कहाँ, क्या, क्यों) के उत्तर देना। | चित्र में दिखाए गए परिचित फलों के नाम बोलकर बताना।<br>अपनी पसंद नापसंद बताना।<br>चित्र-चर्चा से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देना। |
| चित्र-चर्चा— मेरे आस-पास | चित्र-चर्चा—<br>जल और जीवन | चित्र-चर्चा— फलों की चाट |
| आस-पास की जगहों के नाम। | जल के कितने नाम— जल, पानी, नीर, तोय। | फलों के नाम।<br>सब्ज़ियों के नाम। |
| 'ट' वर्ग | 'त' वर्ग, 'प' वर्ग | 'य' वर्ग, 'श' वर्ग<br>सभी व्यंजनों का दोहराव व्यंजन-गीत के साथ। |
| बिंदुओं को मिलाकर 'ट' वर्ग के व्यंजनों की बनावट का अभ्यास करना।<br>चित्र को सही वर्ण से मिलाना।<br>सही वर्ण पर गोला बनाना।<br>एक जैसे वर्णों को मिलाना। | बिंदुओं को मिलाकर 'त' वर्ग और 'प' वर्ग के व्यंजनों की बनावट का अभ्यास करना।<br>चित्र को सही वर्ण से मिलाना।<br>सही वर्ण पर गोला बनाना।<br>एक जैसे वर्णों को मिलाना। | बिंदुओं को मिलाकर 'य' वर्ग और 'श' वर्ग के व्यंजनों की बनावट का अभ्यास करना।<br>चित्र को सही वर्ण से मिलाना।<br>सही वर्ण पर गोला बनाना।<br>एक जैसे वर्णों को मिलाना। |









# ‘लीड’ शिक्षण दृष्टिकोण

नीचे दी गई तालिकाओं में ‘लीड’ की उस विधि का विवरण दिया गया है जिसका आप अपने विद्यार्थियों के साथ पालन करेंगे।

## ‘लीड’ पाठ्यक्रम की रूपरेखा पाँच अद्वितीय सिद्धांतों से प्रेरित है–

**पूर्वज्ञान से जुड़ाव**
(Connected to Previous Learning)
आप अपने पूर्वज्ञान से जुड़ते हुए नए ज्ञान को प्राप्त करेंगे।

**संदर्भगत शिक्षण**
(Contextual)
आप नए विषयों को चित्रों और गतिविधियों की सहायता से सरलता से सीख पाएँगे।




**जीवन से जुड़ाव**
(Connected to Life)
आप प्राप्त किए गए ज्ञान का जीवन से जुड़ाव समझने में सक्षम होंगे।

**संकेंद्रित शिक्षण**
(Concentric)
प्रत्येक शिक्षण-योजना आपके भाषा-कौशल का विकास करते हुए आपको आत्मनिर्भर बनाएगी।

**समावेशी शिक्षण**
(Caters to All Learners)
आपके पास सीखने के लिए ऑडियो, वीडियो, परियोजना-कार्य आदि अनेक स्रोत उपलब्ध होंगे।

## 2. विद्यार्थी संकेंद्रित सिद्धांत



यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों की आयु और उनके सीखने के तरीके को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। साथ-ही यह सुनिश्चित किया गया है कि उन्हें खेल खेलते हुए, कहानी सुनते हुए और विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ करते हुए रुचिकर तरीके से सीखने के अवसर प्राप्त हो।

# महत्वपूर्ण आइकॉन

## पुस्तक की विशेषताएँ और आइकॉन




### 1. इकाई का कवर पेज

'सीखने के प्रतिफल' से संबंधित जानकारी दी गई है।

स्कैन कीजिए

कहानी/कविता को देखने के लिए

### 2. क्यूआर कोड

स्टूडेंट ऐप पर जाकर क्यूआर कोड को स्कैन करके विषय से संबंधित वीडियो देखिए।

### 3. अवयव

संकेत-चिह्नों की मदद से अवयव को पहचाना जा सकता है।


श्रवण और वाचन


उच्चारण



शब्द-संसार


पठन



लिखित अभिव्यक्ति

## पाठ्यक्रम के प्रमुख अवयव

विद्यार्थियों में भाषा के सभी कौशलों को विकसित करने में 'लीड' द्वारा निर्मित 'संपूर्ण हिंदी' पाठ्यक्रम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसमें रचनात्मक, रुचिकर और ज्ञानवर्धक विषय-वस्तुओं को सम्मिलित किया गया है। इसके प्रमुख अवयव इस प्रकार हैं—

**श्रवण और वाचन**



इस अवयव के अंतर्गत विद्यार्थी की मौखिक अभिव्यक्ति का विकास और सुनकर समझने के कौशल का विकास किया जाएगा।

**उच्चारण**



इस अवयव के अंतर्गत वर्णों और मात्राओं के शुद्ध उच्चारण का अभ्यास करवाया जाएगा।

**शब्द-संसार**




इस अवयव के अंतर्गत विद्यार्थियों में नए शब्दों को जानकर भाषा में उनका सही प्रयोग करने के कौशल का विकास किया जाएगा।

**पठन**



इस अवयव के अंतर्गत विद्यार्थियों में पढ़ने के कौशल का विकास किया जाएगा।

**लिखित अभिव्यक्ति**




इस अवयव के अंतर्गत विद्यार्थियों की लिखित अभिव्यक्ति को विकसित किया जाएगा।

# वार्षिक मूल्यांकन-योजना

मूल्यांकन का उद्देश्य यह जाँचना है कि क्या सभी विद्यार्थियों में विषय की समझ विकसित हो चुकी है और क्या वे उस समझ का प्रयोग अपने जीवन में कर सकते हैं? मूल्यांकन के विवरण के आधार पर, आगे बढ़ने से पहले 'लीड' के उपचारात्मक सुझावों का उपयोग करके प्रगति करना बहुत महत्वपूर्ण है।

'लीड' निम्नलिखित मूल्यांकन निर्धारित करता है–

**सत्र-1**

- इकाई-1
- इकाई-2
- इकाई-3
- इकाई-4

प्रत्येक इकाई में 1 मौखिक और लिखित मूल्यांकन है।
प्रश्न-पत्र का कुल निर्धारित अंक – 15
लिखित मूल्यांकन 10 – अंक
मौखिक मूल्यांकन 5 – अंक

↓

**MOY**

अर्ध-वार्षिक परीक्षा
1 लिखित मूल्यांकन अधिकतम अंक – 20 (5 मौखिक, 15 लिखित)

**सत्र-2 की इकाइयाँ MOY समाप्त होने के बाद टैब पर दिखाई देंगी।**

↓

**सत्र-2**

- इकाई-5
- इकाई-6
- इकाई-7

प्रत्येक इकाई में 1 मौखिक और लिखित मूल्यांकन है।
प्रश्न-पत्र का कुल निर्धारित अंक – 15
लिखित मूल्यांकन – 10 अंक
मौखिक मूल्यांकन – 5 अंक

↓

**EOY**

वार्षिक परीक्षा
1 लिखित मूल्यांकन अधिकतम अंक - 20 (5 मौखिक, 15 लिखित)